JP GROUP OF EDUCATION

Book Publishing Program

जेपी ग्रुप ऑफ कालेजेज में पुस्तक का विमोचन

बिहारशरीफ. सोमवार को जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के टैगोर हॉल में डॉ पुनीत कुमार शुक्ला द्वारा लिखित पुस्तक समकालीन भारत और शिक्षा का भव्य विमोचन किया गया. इस अवसर पर संस्थान के सचिव श्री शैलेश कुमार, प्रशासनिक पदाधिकारी श्री एस दिवाकर, जेपी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ संजय कुमार, जेपी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य ई पूर्णेन्दु भूषण और श्री त्रिनयन कुमार (जदयू) उपस्थित थे. ज्ञातव्य हो कि यह डॉ पुनीत कुमार शुक्ला की तीसरी पुस्तक है.

जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के टैगोर हॉल में पुस्तक का विमोचन करते संस्थान के सचिव श्री शैलेश कुमार, प्रशासनिक पदाधिकारी श्री एस दिवाकर व अन्य .

यह पुस्तक पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय और मगध विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के अनुरूप तैयार की गई है. वर्तमान में डॉ शुक्ला जेपी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं और उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है. पुस्तक विमोचन के अवसर पर सचिव श्री शैलेश कुमार ने डॉ शुक्ला को अत्यंत प्रतिभाशाली शिक्षक बताते हुए कहा कि उनके अनुभव और शिक्षण शैली से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए. उन्होंने कहा कि यह पुस्तक बीएड के छात्रों के लिए विशेष रूप से लाभदायक है और इससे छात्रों की शैक्षणिक समझ में वृद्धि होगी. विमोचन समारोह में महाविद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुगण उपस्थित थे. कार्यक्रम के दौरान डॉ. शुक्ला ने पुस्तक के उद्देश्य और उसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पुस्तक छात्रों को समकालीन भारत में शिक्षा के विभिन्न आयामों को समझने में मदद करेगी. इस अवसर ने शिक्षा क्षेत्र में नवीनतम योगदान को भी उजागर किया.